



नवभारत
भोपाल, मंगलवार, 2 सितंबर, 2025



## एक नजर में



### दुर्घटना के घायल का जीवन बचाने वाले डॉक्टर सम्मानित

**छतरपुर, 1 सितंबर.** जिला अस्पताल के सर्जन डॉ. मनोज चौधरी और हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि सोनी को सड़क दुर्घटना में घायल मरीज का जीवन बचाने के लिए सम्मानित किया गया। दोनों चिकित्सक गरीब और लाचार मरीजों के इलाज में हमेशा आगे रहते हैं। यदि कोई आर्थिक तंगी के कारण इलाज नहीं करा पाता, तो ये डॉक्टर न केवल मदद करते हैं बल्कि बेहतर उपचार भी सुनिश्चित करते हैं। हाल ही में अतिगरीब रमाशंकर पटेरिया सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मौके पर जीवन रक्षक चिकित्सीय सेवा देते हुए डॉक्टर मनोज चौधरी और डॉक्टर रवि सोनी ने उनका सफल इलाज कर जीवनदान दिया। इस पुनीत कार्य के लिए सीएसपी अरुण सोनी ने राधारानी की चुनरी ओढ़ाकर दोनों डॉक्टरों का सम्मान किया। इस अवसर पर सीएसपी ने गौ पूजन व गौ भंडारा भी कराया। उन्होंने उपस्थित गौसेवकों से कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाना सबसे बड़ा मानवीय कार्य है। ऐसे प्रयासों की पुलिस सराहना करती है और शासन द्वारा नगद पुरस्कार भी प्रदान किया जाता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि गौ सेवा आश्रम की शांति और सुरक्षा में पुलिस का हमेशा सहयोग रहेगा।



### उत्कृष्टता सदैव याद की जाती है : कैलाश परमार

**आष्टा.** शिक्षक सीताराम वर्मा की सेवानिवृत्ति पर विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया. पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने सेवानिवृत शिक्षक श्री वर्मा के उत्कृष्ट सेवाकाल को याद करते हुए कहा कि वर्मा अच्छे शिक्षक के साथ ही कर्मचारियों की वेतन गणना उनकी वेतन विसंगतियों और अनेक समस्याओं के निराकरण के भी विशेषज्ञ है और उनका यह गुण निवृत्ति के बाद भी उन्हें लोकोपयोगी बनाए रखेगा. इस दौरान श्री परमार, मनोहर पटेल, प्रहलाद सिंह वर्मा, मोहन सिंह अजनोदिया, प्रदीप प्रगति, अभिषेक सुराणा आदि ने सेवानिवृत्त शिक्षक को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया.



### राय और यादव को शिक्षा विभाग ने दी विदाई

**भैरूंदा.** शासकीय नवीन हाई स्कूल में पदस्थ उच्च श्रेणी शिक्षक कैलाश चंद्र राय व प्राथमिक शाला मंडी में कार्यरत दिनेश कुमार यादव लंबी सेवा के उपरांत सेवानिवृत हुए सेवानिवृत्ति पर स्कूल शिक्षा विभाग एवं पदस्थ कार्यालयीन स्टाफ ने दोनों ही शिक्षकों को विदाई दी. श्री राय ने कहा कि सेवा काल के दौरान मैं जहां भी पदस्थ रहा वहां स्टाफ द्वारा भरपूर समर्थन मिला. यही कारण रहा कि मुझे कभी यह कमी महसूस नहीं हुई कि मैं घर से दूर रहा. मैं भले ही विभाग से सेवानिवृत हो रहा हूं लेकिन मेरा ऐसा मानना है कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्ति नहीं होता है .वह केवल शासकीय सेवा के बंधन से मुक्त होता है .समाज के प्रति उसकी जिम्मेदारी जीवन पर्यन्त रहती हैं.



### कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवानों ने दिखाया दम

सीहोर. हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में जिला कुश्ती संघ द्वारा एक कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया. मुख्य अतिथि समाजसेवी अखिलेश राय उपस्थित थे. पहलवानों ने अपना दम दिखाया. विजेता उपविजेता पहलवानों में मोहन परमार, जतिन, दीपक बैस, महेंद्र, सुमित ठाकुर, वंश राठौर, हिमांशु राठौर, कृष्ण, राज गहलोत, सुमित, माही कुशवाहा, निधि, वैदिक चौहान, अनुकूल, मोहित, अंश, शिवशंकर, पंकज, मानस, अनिकेत परमार आदि को पुरस्कारों से मुख्य अतिथि अखिलेश राय द्वारा सम्मानित कर सभी खिलाड़ियों बधाई दी.

# नहीं मिली एंबुलेंस, गर्भवती को ठेले पर अस्पताल पहुंचाया

## सीएम के दौरे के बाद खुली स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल

नवभारत रिपोर्टर

**छतरपुर, 1 सितंबर. जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली एक बार फिर सामने आई है। एंबुलेंस नहीं मिलने पर परिजनों को एक गर्भवती महिला को हाथ ठेले पर लिटाकर अस्पताल ले जाना पड़ा। यह घटना चंदला विधानसभा क्षेत्र की है, जहां के विधायक राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार हैं।**



चंदला के वार्ड नंबर 4 में रहने वाली एक गर्भवती महिला प्रियंका को प्रसव पीड़ा हुई। उनके परिवार ने तुरंत एंबुलेंस को फोन किया, लेकिन कई बार कोशिश करने के बाद भी एंबुलेंस नहीं आई। मजबूर होकर, महिला का पति और परिवार के लोग उसे हाथ ठेले पर लिटाकर अस्पताल ले गए। परिवार का आरोप है कि जब वे अस्पताल पहुंचे, तो स्टाफ ने इलाज करने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि अभी स्टाफ मौजूद नहीं है और सुबह 8 बजे के बाद ही आना। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के छतरपुर दौरे के ठीक अगले दिन ही स्वास्थ्य सेवाओं की सच्चाई सामने आई है, जिसने सभी को शर्मसार कर दिया है।

## वाहन ने बाइक सवार शिक्षक को रौंदा

**श्यामपुर1 सितंबर.** जिला मुख्यालय से श्यामपुर मार्ग पर ग्राम खंडवा जोड़ के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक सवार शिक्षक को रौंद डाला जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई. श्यामपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है. जानकारी अनुसार श्यामपुर निवासी शिक्षक गोविंद सिंह ठाकुर सोमवार की दोपहर अपनी बाइक से सीहोर की तरफ जा रहे थे. बताया जाता है कि ग्राम खंडवा के समीप अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक चालक गोविंद सिंह ठाकुर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंपते हुए वाहन चालक की तलाश प्रारंभ कर दी है. इस घटना की जानकारी मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई. बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु व ग्रामीण अस्पताल पहुंच थे.

# बेटे से झगड़े के बाद मां ने तालाब में लगा दी छलांग



**सिटी कोतवाली पुलिस की तत्परता से बची जान**

**छतरपुर, 1 सितंबर.** शहर में एक मां ने अपने बेटे के साथ हुए विवाद के बाद प्रताप सागर तालाब में कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस की सतर्कता से उसकी जान बचा ली गई। यह घटना सोमवार दोपहर करीब 12 बजे की है।

अपने बेटे से झगड़ा होने के बाद, महिला ने निराशा में आकर तालाब में छलांग लगा दी। स्थानीय लोगों ने तुरंत सिटी कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिसकर्मी बिना देरी किए मौके पर पहुंचे और तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महिला को सुरक्षित रूप से तालाब से बाहर निकाला।

पुलिस द्वारा बचाई गई महिला को बाद में उसके परिवार को सौंप दिया गया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है ताकि घटना के पीछे के पूरे कारणों का पता लगाया जा सके।

## शहर में राधा अष्टमी पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**हरपालपुर, 1 सितंबर. नगर में राधा अष्टमी पर्व रविवार को धूमधाम के साथ मनाया गया, प्रातः काल पूजा अर्चना की गई दोपहर को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई.**



आकर्षक रूप से सजे रथ पर सवार भगवान को विराजित कर शोभायात्रा गोपाल मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नगर के रेलवे स्टेशन के शंकर जी के मंदिर, गायत्री मंदिर, अचलेश्वर मंदिर, बरिया धाम होते हुए आदिकुवारी माता बडी कुटी पहुंची, शोभायात्रा का शहर में जगह- जगह विभिन्न संगठनों समाज सेवियों द्वारा स्वागत किया गया,बड़ी माता मंदिर में महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया, शोभायात्रा में बड़ी संख्या में राधा मंडली के भक्त उपस्थित रहे।

# शिक्षक भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

**जल्द परिणाम घोषित करने की मांग की**



**छतरपुर, 1 सितंबर. शिक्षक भर्ती परीक्षा के परिणाम में हो रही देरी से परेशान अभ्यर्थियों ने सोमवार को कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। अभ्यर्थियों ने मांग की है कि परीक्षा के परिणाम जल्द से जल्द जारी किए जाएं।**

परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के अनुसार, माध्यमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा का दूसरा चरण अप्रैल 2025 में हुआ था। नियमों के मुताबिक, परीक्षा के 45 दिनों के भीतर परिणाम जारी हो जाने चाहिए, लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हुआ है। इससे लगभग 2 लाख अभ्यर्थी परेशान हैं।

अभ्यर्थी विवेक तिवारी ने बताया कि कई छात्र सालों से तैयारी कर रहे हैं और अब उनकी आयु-सीमा भी खत्म हो रही है। परिणाम में हो रही देरी की वजह से कई अभ्यर्थी मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं।

अभ्यर्थियों ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर जल्द ही परिणाम घोषित नहीं किए गए, तो वे राजधानी भोपाल में बड़ा प्रदर्शन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## छतरपुर में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार, चालक गंभीर रूप से घायल

**छतरपुर, 1 सितंबर. तहसील के मोरवा तिराहे के पास एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे उतर गई और एक ट्रांसफार्मर से टकरा गई, जिससे कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।**

बताया जाता है कि कार तेज रफ्तार में थी, जिस कारण चालक उस पर से नियंत्रण खो बैठा। कार सड़क से नीचे उतरकर यादव होटल के बगल में स्थित एक प्राइवेट हायर सेकेंडरी स्कूल के पास लगे निजी ट्रांसफार्मर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक अंदर फंस गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद के लिए हाथ बढ़ाया और घायल चालक को कार से बाहर निकाला। इसके बाद, उसे तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।



# सूर्य कॉलोनी में सामूहिक सहयोग से होती है गणपति की स्थापना

**छतरपुर, 1 सितंबर. देरी रोड स्थित सूर्य कॉलोनी में गणेश उत्सव का आयोजन सात वर्षों से निरंतर परंपरा बन चुका है। वर्ष 2017 से शुरू हुई इस पहल को कॉलोनीवासी सामूहिक सहयोग और चंदे की राशि से हर साल श्रद्धा और उत्साह के साथ निभा रहे हैं।**



गणेश चतुर्थी पर विधि-विधान से भगवान गणेश की स्थापना की जाती है। इस दौरान श्रद्धालु एकत्र होकर पूजन-अर्चन करते हैं और प्रतिदिन सुबह-शाम आरती का आयोजन होता है। पूरे आयोजन में स्थानीय लोगों की सहभागिता उल्लेखनीय रहती है।

इस वर्ष भी उत्सव को खास बनाने के लिए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम और भजन संध्या आयोजित की गई। कॉलोनी के बच्चों और युवाओं ने नृत्य, गीत और धार्मिक प्रस्तुतियां दीं, वहीं शाम को भजन मंडली ने संगीतमय भजनों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

आयोजन में इस वर्ष आयुष सैनी, शंकर शर्मा, आर्यन्स दांगी, आर्यन सैनी, आनंद चतुर्वेदी, सुमित पाठक, राजकुमार पाठक, प्रसू सिंह सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस धार्मिक आयोजन से न केवल समाज में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक वातावरण का संचार होता है, बल्कि आपसी भाईचारा और सहयोग की भावना भी और अधिक मजबूत होती है।

# पुतला दहन को लेकर भिड़े भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता



नवभारत न्यूज

**सीहोर 01 सितंबर. भाजपा को अनुशासित पार्टी माना जाता है, लेकिन सोमवार को पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इसे ताक पर रख दिया तो कांग्रेस के कार्यकर्ता भी मर्यादा भूले. नतीजतन दोनों तरफ से जमकर झूमा- झटकी हुई. अपशब्दों की बौछार हुई. इसके बाद भाजपा नेताओं ने कोतवाली पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ता के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया.**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक बयान सीहोर की राजनीति में उबाल ले आया. बयान के विरोध में सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा व कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी का पुतला जलाने का प्रयास किया. इस दौरान कांग्रेस भी सामने आ गई और पुतला नहीं जलाने दिया. हालांकि भाजपा ने थोड़ा आगे बढ़कर पुतला फूंक डाला. इसके बाद दोनों पक्षों में तीखी झड़प शुरू हो गई. दोनों ही दल के कार्यकर्ता एक-दूसरे के साथ हाथापाई पर उतर आए. हालात इतने बिगड़ गए कि एक भाजपा कार्यकर्ता को चोट भी आई और यह मामला पुलिस थाने तक जा पहुंचा.

**कांग्रेस ने महिलाओं से की बदसलूकी**

गत दिनों राहुल गांधी एवं जीतू पटवारी द्वारा भाजपा के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी की. जिसके विरोध में सोमवार को बीजेपी महिला मोर्चा द्वारा शांति पूर्ण ढंग से प्रदर्शन किया जाना था. शांतिपूर्ण कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विघ्न डाला, महिलाओं के प्रति अपशब्दों का प्रयोग किया. इसके बाद उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ झूमाझटकी और मारपीट की है. जिसको लेकर एफआईआर दर्ज कराई है.

**नरेश मेवाड़ा,**
भाजपा जिला अध्यक्ष

**भारी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात काबू में किए**

इस प्रदर्शन की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रविन्द्र यादव एवं भारी पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंच गए थे. पुलिस बल ने दोनों पक्षों के बीच हस्तक्षेप करते हुए उन्हें अलग किया. पुलिस की सक्रियता के कारण स्थिति को तुरंत नियंत्रण में लाया गया और एक बड़ा विवाद होने से बच गया. पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत किया और प्रदर्शनकारियों को वहां से हटाते हुए स्थिति को नियंत्रित किया.

## फैसला : शहर में गणेशोत्सव के बाद निकाला जाएगा जुलूस

**सीहोर.** मुस्लिम त्यौहार कमेटी ने गणेशोत्सव को ध्यान में ईद मिलाद उल नबी के जुलूस की तारिख में फेरबदल कर दिया है. शहर में जुलूस आठ सितंबर सोमवार को निकलेगा और पांच सितंबर को पैगंबर मुस्तफा नबीए करीम की यौमें पैदाईश पर लंगर लगेगा. कमेटी संरक्षक नौशाद खान, नईम नबाव, शरीफ खान की सरपरस्ती में मुस्लिम त्यौहार कमेटी जिलाध्यक्ष अंसार अहमद पठान और शहर अध्यक्ष रैहान नबाव के ने बैठक का आयोजन किया. बैठक में हिन्दू भाईयों द्वारा गणोशोत्सव और बाजार में बनी झांकियों और पांच सितंबर को जुलूस निकाले में आने वाली परेशानियों पर चर्चा की गई.

## नशे के सौदागरों को कठोर कारावास

**सीहोर 1 सितंबर.** न्यायालय द्वारा मादक पदार्थ का विक्रय करने वाले छह आरोपियों को 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं एक-एक लाख रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया. मादक पदार्थ से संबंधित घटना के संबंध में बताया गसर है कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो एनसीबी इंदौर आंचलिक इकाई ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करी में शामिल छह आरोपियों को दोषी ठहराया. नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधिवक्ता शिव प्रसाद दलोद्रिया विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि यह मामला 2022 में एनसीबी इंदौर आंचलिक इकाई द्वारा दो वाहनों से 882.72 किलोग्राम गांजा बरामद किए जाने से संबंधित है. इस मामले में एनसीबी ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया था. यह मादक पदार्थ ओडिशा से प्रदेश लाया जा रहा था. में आरोपियों आशीष प्रधान निवासी बौध, ओड़िशा, अर्जुन सिंह सेंगर निवासी नागपुर, रुपेश साहू निवासी राजनांदगांव, छत्तीसगढ़, विष्णु प्रसाद पटेल, शशिकांत यादव और पवन यादव को दोषी पाया.

**टीएल बैठक** — **समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने कार्रवाई के लिए वरिष्ठ कार्यालय को प्रस्ताव भेजने की चेतावनी दी**

# निकायों की डीपीआर प्रस्तुत नहीं करने पर सीएमओ को फटकार

नवभारत न्यूज

**सीहोर 1 सितंबर.** कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई.



कलेक्टर ने विगत बैठकों में नगरीय निकायों के सीएमओ को अपने निकायों की डीपीआर रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे, लेकिन मुख्यालय सहित कई नगरीय निकायों के सीएमओ ने यह डीपीआर रिपोर्ट प्रस्तुत नही की. कलेक्टर ने डीपीआर रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने वाले सभी सीएमओ को जमकर फटकार लगाई और उनके विरूद्ध कार्रवाई के लिए वरिष्ठ कार्यालय को प्रस्ताव भेजने की चेतावनी दी. उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पंचायतों एवं नगरीय क्षेत्रों के कार्यालयों का वातावरण इस प्रकार व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाएं कि उस कार्यालयों में आने वाले बुजुर्गों को असहजता और परेशानी का सामना न करना पड़े. कलेक्टर ने जल निगम के अधिकारियों को नलजल योजनाओं में जिन जल उपभोक्ताओं द्वारा निर्धारित मात्रा से अधिक जल लिया जा रहा है उन्हें उस जल की अतिरिक्त राशि बिल में जोड़कर देने के निर्देश दिए.उन्होंने कहा किसिद्धि विनायक गणेश मंदिर पर जिन अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है वे अपनी ड्यूटी समय पूर्व पहुंचकर पूरी मुस्तैदी से करें.

बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में उर्वरक एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए. इसके लिए ग्रामीण स्तर पर आवश्यकता का आंकलन कर योजना बनाई जाए. उन्होंने वन खंडों के व्यवस्थापन, वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन और भू अर्जन की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए सभी राजस्व एवं वन अधिकारियों को वन व्यवस्थापन एवं संपरिवर्तन की कार्यवाही में गति लाने के निर्देश दिए.जिन हितग्राहियों को पीएम आवास योजना की किश्त का भुगतान हो चुका है और वे इसके बाद भी मकान निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं कर रहे हैं, तो उन हितग्राहियों से आवास योजना की राशि वसूलने की कार्रवाई की जाए. जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की समीक्षा क्टीआई के तहत प्राइवेट स्कूलों का निरीक्षण करें.